जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228
(कार्यालय)
ई-मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com
Website
:http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/ 10287 दिनांक : 03.01.24

//तृतीय स्मरण पत्र//

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध अशासकीय/अनुदानित/अल्पसंख्यक महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्तियाँ कराये जाने के संबंध में।

संदर्भः- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 10259 दिनांक 20.12.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत समस्त अशासकीय/अनुदानित एवं अल्पसंख्यक महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है, कि वे नवीन सत्र 2024-25 प्रारम्भ होने से पूर्व परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्तियाँ संबंधी महाविद्यालय स्तर पर विज्ञापन आदि की प्रक्रिया पूर्ण कर चयन समिति गठन हेतु **विज्ञापन की मूल प्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 15.01.2024 तक अपना आवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।**

यदि महाविद्यालय द्वारा परिनियम 28/17 के अंतर्गत प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्तियाँ निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं करायी जाती है, तो आगामी सत्र में महाविद्यालय की सम्बद्धता पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबंधन समिति की होगी।

नोटः-1.चयन संबंधी समस्त कार्यवाही हेतु पत्र क्रमांक एफ/सम्बद्धता/2023/ 9744 दिनांक 31.07.2023 के साथ संलग्न परिनियम 28 के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

2.जारी किये जाने वाले विज्ञापन में विज्ञापित पदों की संख्या/विषय स्पष्ट रूप से अंकित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री संजय बरथरिया, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2024-25/D.C.D.C./J.U